महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने टेकलगुडियम एफ0ओ0बी पर जवानों के साथ रात बिताई, जनता के साथ संवाद स्थापित किया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कमान संभालते ही श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह (आई0पी0एस0) महानिदेशक के0रि0पु0बल ने बीजापुर, सुकमा और दन्तेवाडा के नक्सल प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

देश की आंतरिक सुरक्षा और नागरिक कल्याण को मजबूत करने के उददेश्य से के0रि0पु0बल के महानिदेशक श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, (आई0पी0एस0), ने टेकलगुडियम के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जवानों के साथ रात बिताई और आम जनता के लिए "सिविक एक्शन प्रोग्राम" की औपचारिक शुरूआत की। यह कार्यक्रम स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने, नागरिक सुरक्षा को बढावा देने और सुरक्षा बलों तथा आम जनता के बीच विश्वास बढाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर महानिदेशक के0रि0पु0बल ने कहा, के0रि0पु0बल न केवल देश की सुरक्षा में योगदान देता है, बल्कि समाज के विकास में भी अहम भूमिका निभाता है। यह पहल स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और उन्हें एक बेहतर भविष्य देने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सिविक एक्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय विद्यायलयों में 100 से अधिक छात्रों को शिक्षा सामग्री, स्कूल बैग और स्टेशनरी किट वितरित की गई तथा भविष्य में भी के0रि0पु0बल के तैनाती स्थलों पर जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा सामग्री प्रदान की जाती रहेगी।

स्वास्थ्य सेवाओं को बढावा देने के लिए निःशुल्क मेडिकल कैम्प आयोजित किए गए, जिसमें 100 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ जांच की गई और आवश्यक दवाईयां भी वितरित की गई।
युवाओं को स्वरोजगार के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें टेलरिगं, बांस-कला, सिलाई, कंप्यूटर स्किल्स, कृषि कला, बढई कला, ड्राइविंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढाने हेतु उनके क्षेत्र में तैनात के0रि0पु0बल के कम्पनी कमाण्डरों को निर्देशित किया गया कि वे जरूरतमंद युवाओं को शिक्षा और प्रशिक्षण में मदद करें ताकि वे अपने भविष्य को सुधार सकें।

महानिदेशक ने कहा कि के0रि0पु0बल की तरफ से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुविधाजनक बनाने और छात्रों की शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाने के लिए 2,000 साइकिलों का वितरण किया जाएगा, जिसमें से आज 20 साइकिले वितरित की गई। इससे सुदूरवर्ती इलाकों के छात्रों को स्कूल जाने में आसानी होगी और ग्रामीण श्रमिकों को अपने कार्यस्थल तक पहुंचने मे सुविधा मिलेगी।

सामाजिक सहयोग को बढावा देने के लिए गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों को वस्त्र वितरित किए गए, और आने वाले समय में के0रि0पु0बल द्वारा अन्य जरूरतमंदों को भी वस्त्र वितरित किए जायेंगे। इस पहल के तहत 200 से अधिक परिवारों को कपडे, खेल सामग्री, कृषि उपकरण और दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, सामाजिक संगठनों और ग्रामीण जनता की उत्साही भागीदारी देखी गई। ग्रामीणों ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया और इसे अपने जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया।

महानिदेशक के0रि0पु0बल ने विश्वास जताया कि यह पहल न केवल ग्रामीणों के जीवन को बेहतर बनाएगी, बल्कि के0रि0पु0बल और जनता के बीच एक मजबूत रिश्ता भी कायम करेगी साथ ही स्थानीय लोगों को विश्वास दिलाया कि जरूरतमंदों को इस प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा के0रि0पु0बल जनता की सदैव मदद करता रहेगा।

fastrack
fastrack
fastrack

हिन्दी वर्णमाला
NUMERICAL CHART
गिनती
का चार्ट